

परिवार दिवस आज

# नव भारत
1934 से



5 यूपी में आंधी-तूफान से 96 की मौत



6 अजीत की पार्टी का संतुलन बिगड़ा



7 अप्रैल में वाहनों की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर



8 भारतीय शटलरों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

# शांति और सुरक्षा प्राथमिकता

## 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता और मेजबानी कर रहा भारत

**नई दिल्ली, 14 मई. भारत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता और मेजबानी कर रहा है. 14-15 मई 2026 को नई दिल्ली में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका और नए सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया.**

पीएम मोदी ने ब्रिक्स सम्मेलन में आए विदेश मंत्रियों से मुलाकात की. दो दिवसीय ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने आए विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की. शुक्रवार को दूसरे दिन, ब्रिक्स संगठन के सदस्य और साझेदार देश ब्रिक्स एट 20: लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण विषय पर एक विशेष सत्र में भाग लेंगे. इसके बाद वैश्विक शासन और बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार पर चर्चा की जाएगी.



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एस. जयशंकर ने वैश्विक मुद्दों पर भारत के स्पष्ट रुख का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि शांति और सुरक्षा वैश्विक व्यवस्था के केंद्र में हैं. उन्होंने कहा कि हाल के संघर्षों ने संवाद और कूटनीति के महत्व को और अधिक स्पष्ट किया है। इस जटिल और अनिश्चित दुनिया में चर्चाओं को समानता और साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों के सिद्धांतों को बनाए रखते हुए सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए. डॉ. जयशंकर ने कहा कि तकनीकी प्रगति, वैश्विक परिदृश्य को नया आकार दे रही है और इसका उपयोग सुशासन तथा समावेशी विकास के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सहयोग मजबूत करने को लेकर भी साझा हित जुड़े हैं। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और लाल सागर का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि समुद्री रास्तों में बाधा और ऊर्जा ढांचे पर खतरे पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे समय में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री प्रवाह बेहद जरूरी है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा - आज नई दिल्ली में आयोजित विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने सहयोगियों का स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

**ब्रिक्स देशों की सूची और इनकी कुल नॉमिनल जीडीपी**

| क्र म | देश | प्रति व्यक्ति आय (यूएसडी) |
|---|---|---|
| 1 | यूएई | 50,273.5 |
| 2 | सऊदी अरब | 35,121.7 |
| 3 | रूस | 14,889 |
| 4 | चीन | 13,303.1 |
| 5 | ब्राजील | 10,310.5 |
| 6 | दक्षिण अफ्रीका | 6,267.2 |
| 7 | ईरान | 5,190.2 |
| 8 | इंडोनेशिया | 4,925.4 |
| 9 | मिस्र | 3,338.5 |
| 10 | भारत | 2,694.7 |
| 11 | इथियोपिया | 1,133.9 |

# देवास में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 3 की मौत

- देवास के टोंककला में हुए हादसे में 17 अन्य घायल, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या
- 3 महिलाएं लापता, कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दिए धमाके



**जितेंद्र पुरोहित**

**देवास.** मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंककला क्षेत्र में गुरुवार को एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट हो गया. भीषण धमाके ने पूरे इलाके को दहला दिया. धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी. हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, वहीं 17 अन्य घायल बताए जा रहे हैं. कई मजदूर जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, लापता हैं. मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है. हादसा किस कारण हुआ, अभी यह सामने नहीं आया है.

जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह हुए विस्फोट से पटाखा फैक्ट्री के आसपास के मकानों में भी कंपन महसूस किया गया. हादसे में तीन मजदूरों की मौत की पुष्टि प्रशासन ने की है. इनमें धीरज पिता बग्गीराम पासवान (40) निवासी भवानीपुर थाना पुल्खा जिला अररिया (बिहार), सनी निवासी लखनऊ (यूपी) और सुमित निवासी गोखलपुर जिला अररिया बिहार हैं, जबकि 17 लोग घायल बताए जा रहे हैं. मलबे में अभी भी शव होने की आशंका है. जैसे ही मलबा हटाया जाएगा, मृतकों की वास्तविक संख्या सामने आएगी. विस्फोट के बाद फैक्ट्री परिसर में आग और धुएं का गुबार फैल गया. सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन, दमकल और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को निकालने का अभियान शुरू किया गया. घायलों को तत्काल जिला अस्पताल, अमलतास अस्पताल, एमवाय अस्पताल इंदौर तथा चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ( शेष पेज 12 पर )

> **पांच लोगों की हालत गंभीर**
> जानकारी अनुसार घायलों में 5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. बताया जाता है कि हादसे के समय फैक्ट्री में बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे. राहत दल लगातार मलबा हटाकर लापता लोगों की तलाश में लगा है.

# कांग्रेस ने केरल की कमान वीडी सतीशन के हाथों में सौंपी

**तिरुवनंतपुरम, 14 मई. केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों के 10 दिन बाद कांग्रेस ने आखिरकार मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रहा सस्पेंस खत्म कर दिया. पार्टी हाईकमान ने गुरुवार को वरिष्ठ नेता वीडी सतीशन को केरल का नया मुख्यमंत्री घोषित किया।**

61 वर्षीय सतीशन पारावूर सीट से लगातार छह बार विधायक चुने जा चुके हैं और उन्हें कांग्रेस का मजबूत जनाधार वाला नेता माना जाता है. मुख्यमंत्री पद की दौड़ में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला भी शामिल थे। चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस के



भीतर अलग-अलग गुट सक्रिय हो गए थे. एक वर्ग वेणुगोपाल के पक्ष में था, जिन्हें केंद्रीय नेतृत्व का करीबी माना जाता है, जबकि दूसरा गुट वीडी सतीशन को राज्य में पार्टी का सबसे प्रभावशाली चेहरा बता रहा था।


राजनीतिक हलकों में उस समय हलचल और बढ़ गई जब वायनाड समेत कई शहरों में पोस्टर लगाकर कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की।

# सतीशन पर मुहर खड़गे व राहुल का दूरगामी संदेश

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली, 14 मई.** केरल विजय के दस दिनों बाद तमाम अटकलों के बीच मुख्यमंत्री के रूप में वीडी सतीशन के नाम का फैसला केवल एक मुख्यमंत्री का चयन नहीं, बल्कि एक नई, व्यवहारिक और आक्रामक कांग्रेस के पुनर्जन्म का ब्लूप्रिंट है. संभवत: इसीलिए यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस अब क्षेत्रीय क्षत्रपों के हवाई दावों को दरकिनार कर परामर्श आधारित लोकतांत्रिक प्रक्रिया तथा जमीनी हकीकत को स्वीकार करते हुए पीढ़ीगत बदलाव की नई रणनीति पर चल पड़ी है.

राजनीतिक जानकार बता रहे हैं कि उक्त निर्णय कांग्रेस की पुरानी कार्यशैली से बिल्कुल अलग है. अतीत में कांग्रेस अक्सर





दिल्ली में बैठे अपने करीबियों या क्षत्रपों के दबाव के आगे घुटने टेक देती थी, जिसका खामियाजा उसे निरंतर भुगतना पड़ा है. लेकिन केरल के मामले में राहुल गांधी ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्यकर्ताओं की सड़कों पर गुटबाजी को खारिज किया और स्पष्ट किया कि नेतृत्व बैकपैक फैसलों से नहीं, बल्कि जमीन पर किए गए संघर्ष से तय होगा. क्योंकि सतीशन 2001 से लगातार विधानसभा सदस्य रहते हुए 2021 से विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में एलडीएफ सरकार के खिलाफ मोर्चा संभाले हुए थे, उन्हें कमान सौंपना यह दिखाता है कि पार्टी अब पैराशूट लीडर्स के बजाय जमीनी जवाबदेही को तवज्जो दे रही है.जानकार बता रहे हैं कि इस निर्णय के माध्यम से कांग्रेस हाईकमान ने देश की राजनीति और अपने संगठन को तीन बड़े संदेश दिए हैं जिसके तहत गुटबाजी पर कड़ा प्रहार, पीढ़ीगत बदलाव तथा गठबंधन सहयोगियों पर भरोसा व्यक्त करना शामिल है.

**निजी पसंद से ऊपर पार्टी हित :** राजनीति के जानकारों के मुताबिक केरल में सतीशन को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला राहुल गांधी की राजनीतिक परिपक्वता, उनकी कार्यशैली में आए बड़े बदलाव और भविष्य की व्यवहारिक राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण है यानी इसे एक मास्टरस्ट्रोक के रूप में देखा जा रहा है.

( शेष पेज 12 पर )



**मुलाकात**

**नई दिल्ली.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात की.




book TATA Altroz

Available in Petrol, Diesel and CNG

TATA MOTORS SAFETY DOME 360° PROTECTION

**Shyam Automotive**
Indore: 9152101197, Scheme No. 140: 8291390332, Badnawar: 8291247759, Kukshi: 8879231832, Manawar: 8657588354, Dhar: 9152101197, Dhamnod: 7701077085

**Sanghi Brothers (Indore) Pvt. Ltd.**
Indore: 9152101179

**Sugandh Automotive**
Ratlam: 9152101215, Neemuch: 8879232287, Mandsaur: 8879231839, Alirajpur: 9152101215, Jhabua: 9619469741, Manasa – 8657519601

**Prahlad Abhikaran**
Khargone: 9152101213,Khandwa: 9152101213, Burhanpur: 9152101213, Barwani: 9152101213

**SANGHI BROTHERS (INDORE) PVT LTD.**
Ujjain: 9152101284, Shujalpur: 8879232820, Agar: 8879231218; Badnagar: 8879237413

**Sugandh Automobiles**
Ujjain: 9167162775, Shahjapur: 9619152209 , Nagda: 9167162775

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications/colors are not available in all variants and may vary for different variants and are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. ^Altroz price mentioned is Pure CNG AMT, Ex Showroom Delhi. °Altroz is 5 star bncap rated hatchback as per 2025 test. Altroz is the only hatchback to get 5 star rating across powertrain of Petrol, Diesel and CNG. As per Bharat Ncap results 2025 & 2026. *Available in Premium Hatchback Segment. Terms and conditions apply.